प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 26.10.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में साझा करेंगे अपने विचार।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में 25वीं सब जूनियर नेशनल रोइंग चंपियनशिप के विजेता खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत : कहा– प्रधानमंत्री के नतृत्व में देश में बना खेलों के लिये बेहतरीन माहौल।
3. राज्य सरकार लखनऊ समेत 6 जिलों में तैयार करेगी स्पेशल एजुकेशन जोन : जीरो से लेकर यूनिवर्सिटी तक की दी जाएगी शिक्षा।
4. दिवाली को देखते हुए सभी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की छुट्टियां रद्द : उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अस्पतालों में बर्न यूनिट को सक्रिय करने के दिए निर्देश। और
5. अयोध्या में 30 अक्टूबर को आयोजित किये जा रहे दीपोत्सव की तैयारियां तेज : वाराणसी में 15 नवम्बर को देव दीपावली पर पहली बार होगा ग्रीन क्रैकर शो।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कडो होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे

नेटवर्क पर होगा। मन की बात आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर भी उपलब्ध रहेगा। दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में इसे प्रसारित किया जाएगा।

————————

मुख्यमंत्री योगो आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के रामगढ़ताल में आयोजित 25वीं सब जूनियर नेशनल रोइंग चंपियनशिप के समापन समारोह में, विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में रोइंग के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि रामगढ़ताल के पास एक विश्व स्तरीय रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर बनाने के लिए सरकार रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया को जगह उपलब्ध कराएगी। श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतत्व में देश में खेलों का बेहतरीन माहौल बना है। बाइट......

*जब हम अच्छा सोचते है तो हमारी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ती है, समाज के निर्माण के लिये, राष्ट्र के उत्थान के लिये, खेल और गतिविधियां उन सबका आज हिस्सा बन चुकी है। पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में लीडरशिप में आज भारत के अन्दर खेल और खेलकूद से जुड़ी हुई गतिविधियों में बहुत परिवर्तन आया है। खेलों इंडिया खेलो हो, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता हो, फिर इंडिया मूवमेंट हो, ये सभी खेल और खेलकूद से जुड़ी हुई गतिविधियां है और इसी का परिणाम है*

*कि उत्तर प्रदेश ने भी अपने आपको प्रधानमंत्री मोदी के इस मिशन के साथ जोड़ने का कार्य किया है।*

**तीन दिवसीय 25वीं सब जूनियर नेशनल रोइंग चौंपियनशिप में बालक और बालिका वर्ग में महाराष्ट्र ने ओवरऑल चौंपियन की ट्रॉफी जीती। वहीं बालक वर्ग की चौंपियनशिप महाराष्ट्र की टीम बनी जबकि बालिका वर्ग की चौंपियनशिप पंजाब की टीम ने जीती।**

———————

**राज्य सरकार ने लखनऊ समेत प्रदेश के छह जिलों में स्पेशल एजुकेशन जोन विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें लखनऊ, गोरखपुर, अयोध्या, आगरा, गौतम बुद्ध नगर व बुंदेलखंड शामिल हैं। इन स्पेशल एजुकेशन जोन में विभिन्न एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस की स्थापना के जरिए जीरो से लेकर यूनिवर्सिटी तक की शिक्षा दी जाएगी।**

**उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश में स्पेशल एजुकेशन जोन की स्थापना को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके अनुसार, लखनऊ के मोहान रोड पर 785 एकड़ क्षेत्र में प्रदेश के पहले स्पेशल एजुकेशन जोन का विकास होगा।**

———————

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वायु प्रदूषण को कम करने के लिये आज नई दिल्ली में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और दिल्ली के कृषि मंत्रियों के साथ वर्चुअली बैठक की। बैठक के बाद केन्द्रीय कृषि मंत्री ने बताया कि बीते कुछ वर्षों में पराली जलाने की घटनाओं में 51 फीसदी की कमी आई है, लेकिन प्रयासो को जारी रखने की आवश्यकता है। राज्यों की ओर से लगातार किसानों को जागरूक करने समेत अन्य कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि केन्द्र और राज्य सरकारें मिलकर वायु गुणवत्ता में सुधार के लिये अभियान चलायेंगी।

————————

दिवाली के अवसर पर किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रदेश सरकार ने सभी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की छुट्टियों को रद्द कर दिया है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने आज लखनऊ में कहा कि अस्पतालों में बर्न यूनिट को सक्रिय करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जनता से अपील की है कि पर्यावरण और स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए अत्यधिक ज्वलनशील और धुएं वाले पटाखों का उपयोग न करें। बाइट.....

*दीपावली त्योहार के शुभ अवसर पर स्वास्थ्य विभाग ने सभी डिस्ट्रिक लेवल के जो हमारे सीएमओ है जो सीएमएस है उनको निर्देश दिया है सभी हास्पिटल में लगातार हम चौकन्ने रहेंगे, सभी छुट्टियां रद्द कर दी गई है उनसे अनुरोध किया गया है कि सभी अस्पतालों में जो बर्न यूनिट है उसे*

*सक्रिय करे, जो पटाखे जलाने के दौरान कहीं जलने से कहीं चोट पहुंचती है या कभी–कभी देखा गया कि आंख में भी चिंगारी लगती है तो ऐसी सारी दवाइयां सारी व्यवस्थायें सुनिश्चित करें और सभी को अलर्ट मोड में रहने को कहा गया है।*

————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

———————————

**मथुरा के परखम में राष्ट्रीय स्वयं सेवकसंघ की अखिल भारतीय बैठक में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने पदाधिकारियों से जीवन में पांच परिवर्तन लाने की अपील की। उन्होंने कहा कि संघ के कार्यकर्ता कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवनशैली, और नागरिक कर्तव्य को जीवन में अपनाने की कोशिश करें। आज एक प्रेसवार्ता में श्री होसबोले ने बताया कि बैठक में आगामी कार्य योजनाओं और संघ के विस्तार पर मंथन हुआ। उन्होंने बताया कि संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वर्ष 2025 की विजयादशमी को**

संघ विशेष रूप से मनाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी कुम्भ को और सफल और सार्थक बनाने के लिए उन्होंने म्ख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से देश के हर कोने और हर वर्ग के लोगों को आमंत्रित करने की अपील की है।

————————

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पहली बार होने जा रहे दीपोत्सव में सजावट को दो दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। 30 अक्टूबर को दीपोत्सव के दौरान होने वाले लेज़र शो और सजावट का आनंद लोग 31 अक्टूबर और 1 नवंबर का भी ले सकेंगे। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रशासनिक अधिकारियों और अयोध्या के प्रमुख साधु संतों के बीच हुई समीक्षा बैठक में कल यह निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि अब तीन दिनों तक अयोध्या में दीपोत्सव से संबंधित सजावट, लेजर शो और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। बाइट.....

*कार्यक्रम के तैयारी की दृष्टि से पूज्य साधु संतों के साथ यहां पर बैठक सम्पन्न हुई, उनके कुछ सुझाव जो पिछले वर्ष के थे, उनके अनुभव है, उसके आधार पर हम लोगों ने प्राप्त किये है उसको और ठीक करने की व्यवस्था बनायी जा रही है, सजावट जो की गई उसको दो दिन के लिये बढ़ाया गया है, जिससे कि लोग क्रमशः आ करके उसको देख सकेंगे। उन्हें कोई कठिनाई न हो, एक साथ आने में उनको कठिनाइयां होती थी, और वो उसका उपयोग नहीं कर पाते थे। इस नाते ये व्यवस्था की गई है।*

————————

वाराणसी में देव दीपावली पर पहली बार ग्रीन क्रैकर शो का अद्भुत नज़ारा देखने को मिलेगा। अमेरिका में विकसित अत्याधुनिक तकनीक के फायर वन फायरिंग सिस्टम से लगभग 10 मिनट तक ग्रीन क्रैकर शो और लेज़र शो का अलौकिक दृश्य दिखाई देगा। पर्यटन विभाग के उप निदेशक राजेंद्र कुमार रावत ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध काशी की देव दीपावली 15 नवंबर को मनाई जाएगी। इस अवसर पर रेत पर लगभग 1.5 किलोमीटर के स्ट्रेच पर ग्रीन एरियल फायर क्रैकर्स शो होगा। क्रैकर शो, लेज़र शो के प्रदर्शन में उपयोग की जाने वाली ग्रीन आतिशबाजी पर्यावरण के अनुकूल होगी जिसमं पटाखों की आवाज 70 डेसीबल से कम होगी। इसके अलावा लेज़र शो से आकाश में कई तरह के आकर्षक चित्र भी दिखाई देंगे। साथ ही देव दीपावली को दिव्य और भव्य बनाने के लिए प्रदेश सरकार 12 लाख दीपों से घाटों को रोशन करेगी।

————————

लखनऊ में आज आयोजित इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन की नेशनल बॉडी की बैठक हुई, जिसमें 12 राज्यों ने भाग लिया। इस बैठक में एसोसिएशन ने पेरिस पैरालंपिक के कांस्य पदक विजेता कपिल परमार को सम्मानित किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष अवनीश अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रही है। बाइट.....

*पहली बार 64 वर्ष के इतिहास में जूड़े में ओलम्पिक या पैरालम्पिक पहला मेडल अभी कपिल को मिला है। प्रदेश सरकार स्पोर्ट्स को काफी बढ़ावा दे रही है तो स्पोर्टिंग सक्टिविटी एक मेन स्ट्रीम काम अच्छा हुआ है, जिससे देश का और प्रदेश का भी नाम हुआ है।*

————————

**पीलीभीत टाइगर रिजर्व की दियोरिया, माला और महोफ वन रेंजों में बाघों की गणना आज से शुरू हो गयी है। इसके लिए 402 स्वचालित कैमरे लगाए गए हैं और वन विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।**

**(समाप्त)**